# श्री दिगम्बर जैन महासमिति

श्री दिगम्बर जैन समाज की संसद

## पत्रिका

### श्री दिगम्बर जैन महासमिति का लक्ष्य - संगठित समाज

श्री दिगम्बर जैन महासमिति एवं महिला महासमिति की केन्द्रीय कार्यकारिणी एवं अंचल पदाधिकरीगण की मीटिंग दिनांक 30.03.2025 रविवार को "कालिंदी पैलेस होटल" मालवीय नगर, भोपाल (मध्य प्रदेश) में सम्पन्न हुई।



**श्री दिगम्बर जैन महासमिति के सदस्यों के वितरण हेतु पत्रिका**

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति की सदस्यता शुल्क का विवरण

| श्रेणी (CATEGORY) | धनराशि (AMOUNT) | (अवधि PERIOD) |
|---|---|---|
| विशिष्ट शिरोमणि संरक्षक | 100000.00 | आजीवन |
| शिरोमणि संरक्षक | 51000.00 | आजीवन |
| संरक्षक | 11000.00 | आजीवन |
| विशिष्ट सदस्य | 5100.00 | आजीवन |
| सहयोगी सदस्य | 3100.00 | आजीवन |
| सम्मानीय सदस्य | 1100.00 | आजीवन |
| साधारण सदस्य | 500.00 | (पाँच वर्ष हेतु) |

## आवश्यक सूचना

1. पत्रिका शुल्क सदस्यों के लिए 500/– रू वार्षिक देय होगा।
2. सदस्यता पहचान पत्र शुल्क अतिरिक्त 100/– रू देय होगा।
3. अधिक जानकारी एवं सदस्यता फार्म के लिए निम्न पते पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**नवीन सोगानी**
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

E-2 पहली मंजिल, जवाहर पार्क
हीरा स्वीट्स के पीछे विकास मार्ग
लक्ष्मीनगर, शकरपुर दिल्ली-110092
मो. 9990358901, 9810358901

## सदस्यता शुल्क एवं सहयोग के लिए
# बैंक खाते का विवरण

| | |
|---|---|
| **Bank Account Detail of** | **: Shree Digamber Jain Mahasamiti** |
| **Account No** | **: 10170001973962** |
| **Branch** | **: Bandhan Bank, Greater Kailash, Delhi-110048** |
| **IFSC Code** | **: BDBL0001727** |

वर्ष 7 - अंक 1

अप्रैल-मई 2025

Title Code : DELBIL11586

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति

सामाजिक, साहित्यिक, राष्ट्रीय चेतना की संदेशवाहक एक मात्र मासिक पत्रिका

राष्ट्रीय अध्यक्ष
डॉ मणीन्द्र जैन
9810043108

राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष
श्रीमती शीला डोडिया

राष्ट्रीय संयोजक
डॉ. रिचा जैन
मो. 9822221951

राष्ट्रीय महामंत्री
प्रवीन कुमार जैन (लोनी)
मो. 9811227718, 9711227718

राष्ट्रीय महिला महामंत्री
इन्दु जैन गांधी

प्रधान सम्पादक
धरणेन्द्र कुमार जैन
मो. 8826578600, 9999495706
ईमेल : dkjdhir@gmail.com

महिला सम्पादक
ममता गंगवाल, धार (म.प्र.)
मो. 9406669696

संपादक (विदेश)
कुँवर पाल शाह U.S.A.

स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक
डॉ. मणीन्द्र जैन

## मुख्य कार्यालय

Shree Digamber Jain Mahasamiti
70, Kailash Hills New Delhi-110065
Mobile : 9810043108,8826578600
E-mail : sdjmsnational@gmail.com

मुद्रक : सेवाभारती प्रिंटिंग प्रेस
हाथरस-204101
मो. 8791580090

**विषय सूची** — **पृष्ठ संख्या**

1. सम्पादकीय.................... 2
2. कार्यकारिणी मीटिंग........ 4
3. वीर जनशक्ति पार्टी........ 11
4. दिगम्बर जैन महिला....... 13
5. जैन एकता मंच............ 14
6. ज्ञान दान है जीवन.......... 15
7. संस्कारवान बनाने में....... 17
8. जीवदया के अन्तर्गत....... 18
9. हर्ष पूर्ण सूचना.............. 19
10. जीव दया दिवस........... 20

लेखक के विचारों से सम्पादक या इसकी प्रकाशन संस्था श्री दिगम्बर जैन महासमिति का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सम्पादकीय

# ''सम्मान सदगुणों का होना चाहिए धन का नहीं''



मनुष्य की दैनिक जरूरतों की पूर्ति के लिए धन जरूरी है इसलिए धन की कामना भी सहज स्वाभाविक है। विश्व के विभिन्न देशों में धन की किसी देवी या देवता की कल्पना करके उसकी उपासना की जाती रही है। लेकिन इसके औचित्य पर प्रश्न तब लगता है जब धन, साधन न रह कर स्वयं साध्य बन जाता है।

धन का अपने आप में कोई महत्त्व नहीं होता। यदि उससे हमारी जरूरतें पूरी न होती हों तो वह व्यर्थ है। इसी प्रकार जरूरतें पूरी होने के उपरान्त हमारे पास जो धन बचा रहता है वह भी व्यर्थ है। यदि व्यक्ति का सम्मान उसकी योग्यता और गुणों के आधार न हो कर उसके धन या भौतिक समृद्धि के आधार पर होता है तो समझना चाहिए कि वह एक बीमार समाज है। अपने चारों तरफ हम धन का अत्याधिक सम्मान होते देखते हैं। निजी और सार्वजनिक समारोहों में धनपति को विशिष्ट स्थान दिया जाता है। प्रशासन में सामान्यतः कोई भी कार्य ऐसा नहीं होता जो धन के बूते न करवाया जा सके। आज के व्यवसायिक समय में जहाँ हर वस्तु बिकाऊ है वहाँ व्यक्ति भी उसका अपवाद नहीं। अमीर लोग अपने धन के बल पर प्रायः हर नैतिक–अनैतिक काम करवाने में सक्षम होते हैं।

आम आदमी भी धन के आधार पर ही मनुष्य की कीमत आँकते हैं। जिस व्यक्ति के पास आलीशान इमारत, मोटरकार, फ्रिज तथा ऐशो–आराम की अन्य कई वस्तुएँ होती हैं उसे समाज में विशिष्ट सम्मान प्राप्त होता है। किसी के पास ये वस्तुएँ ज्यों–त्यों कम होती चली जाती हैं, त्यों–त्यों समाज में उसका सम्मान भी कम होता जाता है, भले योग्यता और प्रतिभा के मामले में वह कितना ही महान क्यों न हो। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि काले धन और कालाबाजारी की कटु आलोचना के बावजूद समाज में धनपतियों को सम्मान मिलता है और यह ध्यान नहीं दिया जाता कि उसने धन किस प्रकार कमाया है और इस समय उसके पास किस प्रकार का धन है?

धन का यह विशिष्ट सम्मान केवल राजनीतिक, प्रशासनिक और सामाजिक क्षेत्र में ही नहीं बल्कि धार्मिक क्षेत्र में भी काफी अधिक है। मंदिरों में अधिक दक्षिणा देने वाला व्यक्ति सम्मान का अधिकारी होता है। जहाँ दर्शनार्थियों की लम्बी लाइनें लगी होती हैं वहाँ भी अमीर आदमी कुछ ही क्षणों में दर्शन कर सकता है। मूर्तियों पर जल चढ़ाने में प्राथमिकता किसको दी जाए, इसके लिए भी बाकायदा बोली लगती है। धार्मिक जुलूसों का नेतृत्व करने में भी धनाधीशों को प्रधानता दी जाती है। इससे लगता है कि हमारे धार्मिक स्थल भी धनिकों के पास गिरवी रख दिए गए हैं।

इस प्रकार के वातावरण में स्वभावतः व्यक्ति अधिक से अधिक धन प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील हो जाता है। यदि यह कार्य उचित और वैध ढंग से हो तो इसमें कोई बुराई नहीं किन्तु होता प्रायः यह है कि व्यक्ति धन प्राप्ति की कोशिश में इतना अंधा हो जाता है कि उसे उचित, अनुचित या वैध–अवैध कुछ भी दिखाई नहीं देता। व्यापारी वर्ग मिलावट तथा चोरबाजारी द्वारा संपत्ति संचय करता है तो कर्मचारी वर्ग रिश्वत तथा भ्रष्टाचार के कार्यों में लिप्त हो जाता है।

दहेज में अधिक रकम की लेन–देन करने वाले की लोग अक्सर प्रशंसा करते हैं। किसी स मारोह में एकत्रित होने वाली महिलाएँ जब कीमती साड़ियाँ और आभूषणों की प्रशंसा करती हैं, स्कूल–कॉलेजों में जब मूल्यवान वस्त्र पहनने वाले या किसी विशेष वाहन से आने वाले बालक को जब विशेष महत्व दिया जाता है तो इससे दूसरों में भी महत्वकांक्षाएँ जाग उठती हैं। इस प्रकार की परिस्थिति एक ओर तो लोगों में प्रदर्शन की प्रवृत्ति को उभारती है और दूसरी तरफ अभावग्रस्त व्यक्तियों में हीनता की भावना जगाती है। हीनता की यह भावना लोगों को अपराध के मार्ग पर ठेलती है जिससे वे येन केन

प्रकारेण धन संग्रह में लग जाते हैं।धन के प्रति आकर्षण और तदनुसार लम्बी पूजन एक सीमा तक ही स्वाभाविक और आवश्यक है। धन केवल साधन ही रहना चाहिए साध्य नहीं। **सम्मान सद्गुणों का ही होना चाहिए, धन का नहीं।** लक्ष्मी की अंधी उपासना का समर्थन कदापि नहीं किया जा सकता।

**- धरणेन्द्र कुमार जैन, नई दिल्ली**






**डॉ. मणीन्द्र जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्म दिन/ जीव दया दिवस** पर **श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति संभाग मुंगावली की बहनों** ने अस्पताल में कुपोषित बच्चों को फल वितरित किए नवजात शिशुओं को कपड़े एवं पक्षियों को सकोरे में दाना एवं पानी रखा ।

## दिगम्बर जैन महासमिति एवं महिला महासमिति की केंद्रीय कार्यकारिणी एवं अंचल पदाधिकारीगण की मीटिंग दिनांक 30-03-2025 रविवार को ''कालिंदी पैलेस होटल'' मालवीय नगर, भोपाल (मध्य प्रदेश) में संपन्न हुई।

सर्वप्रथम भोपाल की स्थानीय महिलाओं श्रीमती संध्या जैन, ज्योति जैन, सविता जैन, रंजना जैन आदि ने तिलक लगाकर आगन्तुक अतिथियों का मालाओं से स्वागत किया, तत्पश्चात सभी आगंतुक पदाधिकारीगण ने मीटिंग हॉल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन, श्रीमती शीला डोडिया (राष्ट्रीय अध्यक्षा महिला महासमिति) तथा अन्य पदाधिकारीगण ने दीप प्रज्जवलित किया। श्री टी. के. वेद (प्रांतीय अध्यक्ष, मध्य प्रदेश) ने डॉ. मणीन्द्र जैन (राष्ट्रीय अध्यक्ष) के साथ विशिष्ठ अतिथियों को मंचासीन कराया। मंगलाचरण के उपरांत भोपाल की महिलाओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष, विशिष्ठ अतिथियों एवं देश के कोने–कोने से पधारे पदाधिकारीगण के सम्मान में स्वागत गान नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। नृत्य अदभुत व सराहनीय था। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन ने आज की मीटिंग का उद्देश्य बताया तथा भविष्य में निम्न विषयों पर चर्चा करके निर्णय लेने की बात कही ।

1. महासमिति को समाज की सर्वश्रेष्ठ संस्था बनाने के लिए चिंतन/मंथन व विचार।
2. विभिन्न योजनाओं हेतु जो कमेटियों का गठन किया गया था उन्हें पुनः स्मरण कराकर उनके अनुपालन एवं प्रगति आख्या पर चर्चा।
3. जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर जैन भाई और बहिनों के लिए ध्रुव फण्ड की व्यवस्था जिससे समय पड़ने पर जरूरतमंदों की मदद की जा सके।
4. महासमिति के पुनर्गठन पर विचार।
5. तीर्थ क्षेत्र श्री पारसनाथ जी तथा श्री गिरनार जे के उपसर्ग/अतिक्रमण के निराकरण के सन्दर्भ में चर्चा।

**इसके साथ-साथ जो पूर्व में कमेटियां गठित की गई थी उनकी भी जानकारी पूरे सदन को दी गई जो निम्न प्रकार है-**

1. सदस्यता अभियान कमेटी एवं जागरूकता कमेटी।
2. सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान कमेटी।
3. शिक्षा जागरूकता कमेटी।
4. जीर्णोद्धार कमेटी।
5. अल्पसंख्यक अधिकार कमेटी।
6. तीर्थ रक्षा कमेटी।
7. प्रचार–प्रसार कमेटी ।

A) जैनधर्म का प्रचार–प्रसार

B) महासमिति का गतिविधियों का टी.वी./सोशल मीडिया के द्वारा प्रचार–प्रसार

उपस्थित सभी कार्यकारिणी पदाधिकारीगण ने उपरोक्त दो कमेटियों जीर्णोद्धार कमेटी व तीर्थ रक्षा कमेटी के सन्दर्भ में कहा कि अन्य दिगम्बर जैन संस्थाएं उपरोक्त कमेटियों के सन्दर्भ में कार्य कर रही हैं, इस कारण इन पर कार्य करने की आवश्यकता नहीं है। शेष कमेटियों के गठन के सन्दर्भ में सर्वसम्मति से अपनी सहमति प्रदान की।

ध्रुव फण्ड की व्यवस्था एवं जरूरतमंद भाई–बहिनों के लिए ध्रुव फण्ड एकत्रित करने के लिए भी सभी ने सर्वसम्मति से अपनी सहमति प्रदान की। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन ने ध्रुव फण्ड के लिए सर्वप्रथम एक लाख रुपये देने की घोषणा की। करतल ध्वनि से सभी ने डॉ. मणीन्द्र जैन का स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा कि श्री दिगम्बर जैन महासमिति के समस्त अंचल व संभाग के चुनाव कराने हैं। जेंट्स व लेडीज की **Exhibition** लगाई जाये। छोटे–छोटे स्टाल लगाए जाएँ। समाज को संस्कारित व धर्म की प्रभावना हेतु 39 लाख रुपये खर्च करके **''गज-मोती''** व **''नाग का हार''** सीरियल बनाये हैं। ज्यादातर समाज का युवा वर्ग रात्रि में भोजन करने लगे हैं। रात्रि भोजन का त्याग करना चाहिए, हमें अपनी जान लगा करके भी कड़े कदम उठाने हैं। ज्यादातर घरों में आर ओ लगे हुए हैं। सभी लोग छानकर पानी पीते होंगे, हमें कुरीतियों को दूर करना हैं हमें संस्कारों पर चलना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह भी आहवान किया कि सभी महिलायें अपने पति को तथा सभी पुरुष अपनी पत्नियों को श्री दिगम्बर जैन महासमिति का सदस्य बनाएंगे। सभी उपस्थित जन समुदाय ने इसकी अनुमोदना की। हमने मुक्तागिरी में एक बात कही थी कि आप मोदी के मन की बात सुनते आये हैं, आज मणीन्द्र जैन की बात सुनें। जब आत्मा शरीर छोड़ती है तो शरीर को धन्यवाद् देकर जाती है कि हम इतने दिन इस शरीर में रहे, मेरे बड़े भाई रवींद्र जैन जी ने समाज व देश का नाम बढ़ाया है। दशलक्षण धर्म पर हम यानि महासमिति विशेष आयोजन करें। हमारे कितने मंदिर व तीर्थ हैं, जिनका जीर्णोद्धार होना है। संभल में ''कल्किधाम मंदिर'' बन रहा है, मैंने ''भगवान महावीर'' की प्रतिमा लगाने के लिए प्रमोद कृष्णम जी को राजी कर लिया है। मैं कल्किधाम का स्वागताध्यक्ष हूँ। एक जैन व्यक्ति कल्किधाम का मंदिर बनाने में काफी मदद कर रहा है। जैन लोग बिना हिन्दुओं के जिन्दा नहीं रह सकते हैं।

मैंने जब ''वीर जनशक्ति पार्टी'' बनाई थी तो मैंने एक ही बात कही थी कि हमारे भारत को कोई ''हिन्दू राष्ट्र'' नहीं कहेगा, केवल ''सनातन राष्ट्र'' कहेगा। मैं जीतो (JITO) का फाउंडर संस्थापक हूँ। आज इस संस्था पर 800 करोड़ की (एफ. डी.) है, यह कैसे रूपया आ गया, इसका चिंतन करना जरूरी है। हमारे 200 बच्चे IAS, IPS IRS में आ गए हैं। 200 IAS, IPS मेरे टच (TOUCH) में हैं। हमारे आचार्य श्री विद्यासागर जी के माध्यम से IAS, IPS बनाने के लिए संस्था चल रही है। आचार्य जी की संस्था में क्या हो रहा है, इसकी मुझे जानकारी नहीं है। हमारी सोच सूरज–चंदा तक पहुँचाना है। 'जहाँ से कुछ आना नहीं वहां हमें जाना नहीं। यह मुहीम मैंने चलाई है। हमें संस्था को बहुत श्रेष्ठ बनाना है।

श्रीमती शीला जैन डोडिया ने अपने उद्‌बोधन में कहा– वर्तमान में ऐसा कोई साधु नहीं है जो मार्गदर्शन दे सके, ऐसे बचनों को उद्‌बोधन में न बोलें। आज इस प्रांगण में पांच

अंचलों के पदाधिकारी/सदस्य उपस्थित हैं। दिल्ली में सदस्य नहीं बनाये गए हैं। महामंत्री प्रवीण कुमार जैन एवं कोषाध्यक्ष उपस्थित नहीं हैं। महामंत्री प्रवीण कुमार जैन ने सन्देश मेरे मोबाइल पर भेजा हैं, मैं पढ़कर सुनाऊँगी। हमने पूरे राजस्थान में संभाग का गठन कराया है। महाराष्ट्र ही एक ऐसा प्रान्त है, जो महिलाओं और पुरुषों ने कर्मठता से कार्य किया है। अधिकतर पुरुषों ने बड़ी कर्मठता से कार्य किया है। मध्य प्रदेश में सभी सक्रिय सदस्य हैं, लेकिन पुरुषों का गठन अभी नहीं हो पाया है। उत्तर प्रदेश में कुछ ही जगह सक्रियता आई है, एक–एक कली जब इकट्ठी होती है तभी वह गुलदस्ते का रूप ले सकता है। जब मणीन्द्र जैन जी मदुरई में रथ लेकर गए थे, तब हमारी बहिनें स्वागत के लिए खड़ी थीं। जिस बैनर के नीचे हम बैठे हैं, उसका भी ख्याल करना चाहिए। मैं हर मीटिंग में दिल्ली गई हूँ। कार्य करने वालों की जब बकत नहीं होती है तो हमें दु:ख होता है। ध्रुव फण्ड मेरी नजर में अपने–अपने क्षेत्रों में इकठ्ठा करना चाहिए। हर दिन एक–एक दिन में महिलाएं धर्म की प्रभावना कर रही हैं। कोरोना काल में ध्रुव फण्ड में हमने बहुत सहयोग किया है, पांच लाख रुपये की धनराशि हमने इकठ्ठा करके भेजा है। ध्रुव फण्ड के लिए मेरा समर्थन नहीं है। ध्रुव फण्ड की कोई आवश्यकता नहीं है। सुधा सागर जी महाराज के सानिध्य में हम हर साल महिला सम्मलेन करते हैं। महिला सम्मलेन के कारण ही महासमिति आगे बढ़ी है।

मैं श्रमण संस्कृति संस्थान की अधिष्ठात्री हूँ। अगर श्रमण संस्कृति को हम जिन्दा नहीं रखेंगे तो हम कुछ नहीं कर सकते। आज मेरी बात कटु लगे, लेकिन मैं अपनी पीड़ा कहकर ही रहूंगी। महासमिति के बैनर का उपयोग अन्य कार्यों में नहीं होना चाहिए। मेरे कार्य–कलापों से किसी को कोई तकलीफ हो, लेकिन मैं गद्दारी नहीं कर सकती तथा श्री दिगम्बर जैन महासमिति के प्रति समर्पित रहूँगी। विदेश यात्रा का प्रस्ताव बहुत अच्छा है। पूरा टूर भारत से ही लेकर जाएँ।

**श्रीमती मंजू अजमेरा (कार्याध्यक्ष)** ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग ३ महीने में होनी चाहिए। संविधान के अनुसार महासमिति की कार्यप्रणाली रहनी चाहिए। पूरे वर्ष का कैलेंडर बनाना चाहिए, जिसमें पूरे वर्ष का विवरण होना चाहिए कि किस माह में महासमिति द्वारा क्या कार्य करना है। महासमिति में जिन महिला–पुरुषों ने अच्छे कार्य किये हैं, उन कर्मठ कार्यकर्ताओं का महासमिति द्वारा सम्मान किया जाना चाहिए। विदेश यात्रा का जो प्रस्ताव है, उसका मैं समर्थन करती हूँ। अंगदान भी हम सभी को करना चाहिए। यह बहुत आवश्यक है। समाज के बच्चों को नौकरी तथा व्यापर के लिए भी योजना बनानी चाहिए, जिससे समाज का विकास हो सके। जहाँ पर भी कार्य सही नहीं हो रहा है वहां पर सही लोगों की नियुक्ति करनी चाहिए।

**राष्ट्रीय संयोजक डॉ. ऋचा जैन** ने बताया कि हमको हर महीने का कैलेंडर बनाना है। केंद्र से जितने प्रोग्राम हमने यहाँ पर डिसाइड किये हैं, उन सभी प्रोग्राम को मंथ वाइज डिस्ट्रीब्यूशन कर देना है जिससे कि हम श्री दिगम्बर जैन महासमिति की गतिविधियों को सभी प्रदेशों में एक साथ एक दिन में सुचारु रूप से कर

सकें, इसी के साथ मुनि सेवा समिति बनाने की राष्ट्रीय लेवल पर आवश्यकता है जिससे हर स्थान पर कमेटी काम कर सके।

इसी के साथ सेकंड मुद्दा उन्होंने उठाया कि आज हम देख रहे हैं कि इंटर कास्ट मैरिज बढ़ती चली जा रही है, इसकी वजह से हमारी अच्छी प्रतिभावान व्यक्तित्व दूसरे समाज में शादी कर लेती हैं, जिससे आगे फ्यूचर में उन्हें बहुत तकलीफ होती है और हमारे जैन समाज की पापुलेशन कम होती चली जा रही है।

तीसरा मुद्दा उनका था कि सकल भारत में श्री दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अंचल के अध्यक्ष के साथ में हर स्टेट में दौरा करें और दौरा करने के बाद सभी स्टेट में माइनरिटी के बेनिफिट दिलाने की पूरी कोशिश करें, और हमारी श्री दिगम्बर जैन महासमिति की जितनी भी योजनाएं चल रही हैं उन योजनाओं को क्रियान्वयन करें। हर शहर में जहाँ पर महिला मेंबर हैं, वहां पर पुरुष वर्ग को भी मेंबर बनाकर वहां के शाखा, संभाग और वहां के अंचल बनायें। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम बिजनेस मेला लगाना चाह रहे हैं, इसी तरह से बड़े बिजनेस ओनर्स से हम ऑनलाइन हमारे जितने मेम्बर्स हैं, उनकी बिजनेस ट्रेनिंग स्टार्ट करें, जिससे कि हमारी जो नई पीढ़ी है वह बिजनेस के नए-नए आईडिया घर में लेकर ही सीख सकें। युवा वर्ग के पास हमसे बहुत ज्यादा सोशल मीडिया पर काम करने का मन होता है, कम्प्यूटर पर काम करने का मन होता है तो यदि हम उनको साथ लेकर कार्य करेंगे तो हम महासमिति को बहुत आगे पहुंचा पाएंगे। महिला सम्मलेन जो हमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला जी करती हैं, उसमें सभी को इनविटेशन जाना चाहिए और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी आयोजित प्रोग्राम में अपनी उपस्थित दिखाएँ। साथ ही डॉ. ऋचा जैन ने कहा कि लोकल लेवल पर जो पंचकल्याणक या सामाजिक गतिविधियां होती है वहां पर महासमिति का बैनर और महासमिति का श्रीफल चढ़ाना चाहिए जिससे कि हम हर शहर में महासमिति का अस्तित्व और ज्यादा बना सकते हैं, और महासमिति को काफी आगे ले जा सकते हैं।

**नितिन अम्बादासजी नखाते, अध्यक्ष महाराष्ट्र अंचल** ने निम्न विन्दुओं पर प्रकाश डाला–

1. महाराष्ट्र अंचल की तरह सभी यात्रा निकाल कर समाज के सभी को एक साथ लेकर चल सकते हैं।
2. महाराष्ट्र अंचल ने विदेश यात्रा का आयोजन किया, उन्हें सदस्य बनायें एवं कुछ राशि जो बची है वह अधिवेशन के लिए उपयोग तथा सभी अंचल इस योजना को सम्मिलित कर सकते हैं।
3. वर्ष में एक संस्था का सिग्नेचर कार्यक्रम रहे जिससे श्री दिगम्बर जैन महासमिति सम्पूर्ण भारत में जानी चाहिए।

**राजीव जैन प्रांतीय महामंत्री उत्तर प्रदेश-** जैनेतर समाज भी भगवान महावीर को सब जानते हैं। उत्तर प्रदेश में भगवान महावीर के **२४ द्वार बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था,** जिनमें दो द्वार कम्पलीट हो चुके हैं। **हम २०२५ में २४ महावीर द्वार पूर्ण करके रहेंगे।** आदरणीय मणीन्द्र भाई साहब के सुझावों से मैं सहमत हूँ। फण्ड का बनना बहुत कठिन काम है, लेकिन उसका सदुपयोग और भी कठिन काम है। अगले एक वर्ष में जो श्रृंखला है सम्मान की उसमें तीसरा स्थान अवश्य प्राप्त करेंगे।

**शिखा जैन अध्यक्षा महिला महासमिति उत्तर प्रदेश** अभी हमारे उत्तर प्रदेश में वाल्यावस्था चल रही है। मुझे बच्चों से ज्यादा लगाव है। मैंने उन 47 बच्चों को सम्मानित किया है, जो प्रतिदिन मंदिर में जाकर अभिषेक करते हैं। अभी मुझे कार्य करते हुए 1.5 **वर्ष ही हुआ है।** बच्चे क्रिश्चियन जाति में ज्यादा कन्वर्ट हो रहे हैं। गरीब जैन लोग भी क्रिश्चियन में काफी कन्वर्ट हो रहे हैं, इन्हें रोकने की बहुत आवश्यकता है। **भाग्येश जैन महामंत्री राजस्थान प्रदेश राजस्थान में** मैं विगत चार वर्षों से नैतिक जिम्मेदारी निभा रहा हूँ। पूरे राजस्थान में ऋषभदेव जयंती मनाने का निर्णय लिया है। जो भी हमारे समय के गुणवान स्त्री–पुरुष हैं, उनमें से 1200 योग्य लोगों को कोपरेटिव जॉब दिलाया है। **''ड्रेस-कोड''** अवश्य अमल में लाया जाये। **डिंपल जैन -** सामाजिक, धार्मिक सभी कार्य राष्ट्रीय स्तर पर करें। रोजगार के लिए महिलाएं पिछड़ी हुई हैं। **Exhibition** सभी क्षेत्रों में लगाई जाये, ताकि महिलाओं को रोजगार मिले। ग्रामीण अंचल में आज भी लड़कियां अशिक्षित हैं।

**सरला जैन अध्यक्ष महिला महासमिति दिल्ली प्रदेश** –अभी मुझे महासमिति का अध्यक्ष बने 2 साल हुए हैं। हम दिल्ली में धार्मिक व सामाजिक स्तर पर काफी कार्य कर रहे हैं, लेकिन हमने उनका प्रचार–प्रसार नहीं किया। अब हम आगे अपने कार्यों का प्रचार–प्रसार **You Tube** के माध्यम से किया करेंगे। हमने दिल्ली में 528 **मेंबर बनायें हैं।**

**श्रीमती संध्या जैन सागर-** ने कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के गरीब तबके के सदस्य को संगठन की मुख्य धारा से जोड़ना एवं उनकी समस्याओं को सुनना और निराकरण की प्रक्रिया को लागू करना, संगठन भले ही कम कार्य करे परन्तु कार्य पूर्ण हो ताकि कार्य की मुख्य धारा को प्रगति पथ पर लाया जा सके एवं हीन भावनाओं से ग्रसित परिवारों को उच्च भावनाओं की मुख्य धारा से जोड़कर उनके पथ प्रफुल्लित कर सकें।

यदि हम अपने जन्म दिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं शादियों के अवसर पर दान करते हैं, तो इससे भी एक बहुत बड़ा फण्ड एकत्रित किया जा सकता है, जिससे संगठन समाज के श्रेष्ठ, प्रतिभाशाली बच्चों की प्रतिभा में भी निखार ला सकते हैं। जैन धर्म और संस्कृति के बारे में शिक्षारू जैन धर्म और संस्कृति के बारे में शिक्षा प्रदान करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करें।

**वंदना जैन जयपुर -** रोजगार चाहने वालों के लिए रोजगार पत्रिका निकालनी चाहिए। भौतिकता तथा पाश्चात्य सभ्यता में कुछ परिवर्तन लाना होगा। **''बेटी व्याहो और बहु पाओ''** का नारा हमें अमल में लाना होगा। जो गन्दगी हमारे समाज में फैलती जा रही है। उसे दूर करना होगा। सामूहिक रूप से अंचल के पदाधिकारीगण की बैठक करें। सबसे नजदीक इकाई होती है तभी हम समाज के लोगों से जुड़ पाएंगे जब उनको लेकर चलेंगे। हमें अपने साधु–साध्वियों को अलग से सुरक्षा प्रदान करने पर विचार करना चाहिए।

**इन्दु जैन राष्ट्रीय महामंत्री महिला महासमिति-** सभी जगह कुछ अच्छी बातें होती हैं तथा कुछ बुरी होती हैं। जैसे हम अपने परिवार को विखरने नहीं देते, वैसे ही हम महासमिति को विखरने नहीं देंगे।

गुरुदेव के आशीर्वाद से महिलाएं चिपक कर साथ–साथ चलती हैं। चुनाव तीन साल में अवश्य करें। ''दिगम्बर जैन महासमिति से हम ''श्री दिगम्बर जैन महासमिति'' में आये हैं। समिति के संगठन के लिए तो चर्चा करनी पड़ेगी। कृपया सभी लोग काम से काम पाँच सदस्य अवश्य बनायें। पत्रिका में यह अवश्य डालें कि इकाई व संभाग को यह कार्य करना जरूरी है। नितिन नखाटे व सुनील पेंडारी को अपने स्वदेश यात्रा का संयोजक बनायें। महासमिति साधर्मी सहायता न्यास बनायें। न्यास बनाने के बाद में साधर्मी को यदि धन की आवश्यकता हो तो उसे प्रदान करें। जैन बंधू किसी के सामने हाथ नहीं फैलाता है चाहे भूखे मर जाये। अंगदान के लिए एक राष्ट्रीय मुहीम चलाया जाये। **Exhibition** अपने–अपने स्थान पर लगाएं। हमारी पत्रिका तो निकलती है, पत्रिका में हर स्टेट को एक–एक पेज दिया जाये। महासमिति एक ऐसा प्लेटफार्म है जिससे हम आगे बढे। महासमिति के कार्यों को जब हम समाज के समक्ष परोसते हैं तो बहुत नाम होता है। हम कार्य निष्ठा से करें, सभी संगठित हों। जो प्रगति में बाधक हो हम सभी मिलकर उसे दूर करेंगे।

**टी. के. वेद - प्रांतीय अध्यक्ष (मध्य प्रदेश) द्वारा कहा गया** कि यह समय बहुत दुविधापूर्ण है। समाज चौराहे पर खड़ा है एवं शीर्ष संस्थाओं की ओर मार्गदर्शन के लिए निहार रहा है। आज सभी प्रमुख सामाजिक संस्थायें अपना दायित्व निर्वहन में सही साबित नहीं हुई है। अतः सबकी निगाहें महासमिति की ओर टिकी हुई हैं। खजुराहो में निर्मित होने वाले सर्वतो भद्र जिनालय की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि विभिन्न लोगों एवं समाज जनों की मदद से यह मामला निपट गया एवं यदि हम हल्ला–गुल्ला करते रहते तो यह मुद्दा उछल जाता।

शासन के हर निर्णय का विरोध करना बिना सोचे समझे आगे पीछे का विचार किये ठीक नहीं है। शासन की योजनाओं के तहत समाज के पिछड़े या जरूरतमंद वर्ग को जो शासकीय सहायता मिल सकती है, उस पर हमारा ध्यान नहीं। हम **200/- 500/-** देकर ही दान अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेते हैं। महासमिति से इन सब मुद्दों पर समाज को बहुत अपेक्षा है।

**पूजा सोगानी -** मैं मध्यांचल की कोषाध्यक्ष भी हूँ। मेरे दो तीन मुद्द हैं जो मैं यहाँ उठाना चाहूंगी। पहला **Bank Account**, हम लोग अकाउंट खोलने गए उसके इतने **Issues** आये फिर किसके अकाउंट में **Amount** डालो यह थोड़ा सा मिसमैनेज लगा। मेरी **Request** है कि जो **Account System** है उसे थोड़ा सा **Easy** कीजिये, जिसे हम **Easily** अकाउंट खोल सकें।

**श्रेया काला -** महासमिति के पास अनुभव तो बहुत हैं, इसे नए ग्रुप में साझा करना है। टेक्नोलॉजी का जमाना है, नई जनरेशन क्या चाहती है उसपर विचार करना है। आप दस मेंबर ऐसे चुनिए और आप उनसे पूछें कि आपके यहाँ क्या काम हो रहा है। यहाँ हम बात करते हैं जॉब की आपका बेटा डॉक्टर है, इंजीनियर है तो आपको उसके घर जाना है। हम एक दूसरे के प्रतिभागी बनें।

**चम्पा जी -** नारी शक्ति का नाम सुना है जो वर्ष देखने को मिल रहा है। महासमिति को पुरुषों की उतनी ही आवश्यकता है, जितनी बहिनों की।

**कल्पना सागर** – हमने 800 सदस्यों को जोड़ा है।

**अल्पना मूंगावली** - हम इसलिए इकट्ठे हुए हैं कि समिति को ऊंचाइयों पर ले जाएँ। हम सबको अपने–अपने नगर में अपने स्तर के अनुरूप कार्य करें। यदि संभाग में कोई अच्छा कार्य कर रहा है तो उसका सम्मान करके प्रोत्साहन मिलना चाहिए

**मधु पाटनी कार्याध्यक्ष महिला महासमिति-** जहाँ तक श्री दिगम्बर जैन महासमिति की बात है तो वह बहुत ऊंचाई पर है। यदि कार्यकर्ता को अधिक प्रोत्साहित किया जाये तो वह अधिक कार्य करेगा, बस एक प्रशंसा की जरूरत है।

**CONCLUSION: -**

निम्न विषय सर्वसम्मति से पास हुए : –

1. चार कमेटियों का पुनर्गठन करेंगे।

A) सदस्यता अभियान कमेटी एवं जागरूकता कमेटी।

B) सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान कमेटी।

C) शिक्षा जागरूकता कमेटी।

D) अल्पसंख्यक अधिकार कमेटी।

2. ध्रुव फण्ड की व्यवस्था।
3. महासमिति के पुनर्गठन/चुनाव : वर्ष 2025 में इकाई, संभाग व अंचल के चुनाव कराये जाएँ। केंद्रीय कार्यकारिणी का चुनाव 2026 में कराये जाएँ।
4. शिखर जी व गिरनार जी की सुरक्षा।
5. कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान।
6. देश एवं विदेश की यात्रा (श्री सुनील पेंडारी एवं श्री नितिन नखाटे कोआर्डिनेट (Co-ordinate) करेंगे)।
7. व्यापारी महिला एवं पुरुषों के लिए वर्ष में एक बार Exhibition लगाएं।
8. अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे (IAS, IPS, IRS) सेण्टर में जागरूकता लाने के लिए और ज्यादा भर्ती की जाये। इस समय इंदौर, राजकोट, दिल्ली और अहमदाबाद चार सेण्टर हैं।
9. मृत्यु के पश्चात अंगदान के लिए प्रोत्साहित किया जाये।
10. जैन साधु व साध्वियों की सुरक्षा के लिए उनके साथ चलने के लिए एक टीम बनाई जाये।
11. जैन दिगम्बर एक्सपर्ट लॉयर, सी. ए., डॉक्टर आदि का भी एक ग्रुप बनाया जाये जो आवश्यकता पड़ने पर अपने समाज के लोगों को सहायता उपलब्ध कराई जा सके।
12. श्री मनोहर लाल जैन टोंग्या द्वारा चलाये जा रहे **'विवाह परिचय'** सम्मेलन अभियान में श्री दिगम्बर जैन महासमिति सहयोगी बनेगी। कार्यक्रम का संचालन श्री टी के वेद द्वारा किया गया। भोपाल के मीटिंग संयोजक श्री पदम् सेठी का विशेष सम्मान किया गया। आभार प्रकट श्रीमती संगीता सोगानी (उज्जैन) ने किया।

राष्ट्रीय गान जन–गण–मन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

**- धरणेन्द्र कुमार जैन, नई दिल्ली**

# वीर जनशक्ति पार्टी की मीटिंग दिनांक 22.03.2025 को संपन्न

''वीर जनशक्ति पार्टी'' की एक मीटिंग दिनांक 22.03.2025 शनिवार को जी–60, ईस्ट ऑफ कैलाश दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन ने कहा कि 'वीर जनशक्ति पार्टी' का दिनांक 9 सितम्बर 2024 को राजनैतिक दल के रूप में इसका पंजीकरण हुआ था तथा पार्टी का चुनाव चिन्ह ऑटो रिक्शा दिनांक 18 अक्टूबर 2024 को भारत निर्वाचन आयोग से मिला। मुझे लगा कि बिना राजनीतिक मंच के हमारा उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता है इसलिए 'वीर जनशक्ति पाटी' का गठन किया गया। सबसे पहले हमने महाराष्ट्र विधान सभा के चुनाव में सूर्यकान्त जैन को अपनी पार्टी से प्रत्याशी बनाया तथा दिल्ली विधान सभा चुनाव में भावना जैन को प्रत्याशी बनाया। 80% समाज बी. जे. पी. तथा अन्य पार्टियों से जुड़ा हुआ है। इस पार्टी को आगे कैसे चलायें। पार्टी को चलाने के लिए धन भी चाहिए तथा अच्छे कार्यकर्ता भी। अतः हम सभी को पार्टी को आगे बढ़ने के सन्दर्भ में विचार करना होगा कि पार्टी को किस तरह आगे बढ़ाया जाये या नहीं। इस पर विपिन गुप्ता जी ने कहा कि यह प्रश्न हमारे समक्ष कैसे आया कि पार्टी को आगे चलाया जाये या नहीं। हम क्यों हतोत्साहित हैं? इस पर सभी उपस्थित सदस्यगण नें एकमत होकर कहा कि पार्टी को चलाया जाये, हम सभी का सहयोग रहेगा। अतः सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित हुआ कि पार्टी को **Continue** किया जाये। पार्टी को चलाने के लिए संसाधन कहाँ और कैसे जुटाएं इस पर बल दिया गया। डॉ. राज शेखावत ने कहा कि मैं मदद करूंगा। सभी राज्यों में पार्टी खड़ा करना है। 15–20 राज्यों में 'वीर जनशक्ति पार्टी' का अध्यक्ष नियुक्त हो जाएँ डॉ. राज शेखावत ने कोर कमेटी के गठन पर अत्यधिक बल दिया तथा उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एक **Paid Team** बनाई जाये जो **Full Time** कार्यालय में बैठकर कार्य कर सके। मुंबई (महाराष्ट्र) से पधारे श्री महेंद्र तुरखिया जी ने कहा फण्ड कलेक्शन के लिए एक कमेटी का गठन करना चाहिए।

अनिल कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि राजनीति में **"Ward Level"** से लेकर **"National Level"** तक संगठन खड़ा करना पड़ेगा।

श्री एच. एन. शर्मा ने कहा कि हमें अपने एजेण्डा **(Ajenda)** में रोजगार सभी को मिले तथा नशा मुक्त भारत होना चाहिए को शामिल किया जाये।

डॉ. मणीन्द्र जैन ने कहा कि हमारे देश में बहुत ही भ्रमात्मक एवं देश को खंडित करने वाली बात फैलने लगी है जिसको दूर किया जाना आवश्यक है। बौद्ध, जैन, सिख एवं ईसाई अपने को अलग समझने लगे हैं। 'वीर जनशक्ति पार्टी' देश को समृद्ध एवं सशक्त करने के लिए हर परिवार का एक व्यक्ति चाहे युवा हो, महिला हो या फिर दिव्यांग हो उसे समृद्ध बनाया जायेगा, जिससे उस परिवार का भरण–पोषण ठीक से होता रहे। हर परिवार में रोजगार की समस्या का समाधान कर उसे आत्म निर्भर बनाएंगे। इन दो उद्देश्यों को लेकर आगे बढ़ेंगे तथा आम पब्लिक में इसका प्रचार करेंगे। जिन राज्यों में चुनाव होने हैं उन्हें फोकस करेंगे। हम जीतें या हारें चुनाव लड़ाएंगे।

"Membership Drive" करेंगे। सभी ने इसका समर्थन किया। कोर कमेटी में सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया –

1. डॉ. मणीन्द्र जैन, 2. डॉ. राज शेखावत 3. महेंद्र तुरखिया
4. धरणेन्द्र कुमार जैन 5. एच एन शर्मा (मार्गदर्शक) 6. विपिन गुप्ता (मार्गदर्शक)

अंत में राष्ट्रीय गान से कार्यक्रम का समापन किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन के सौजन्य से बहुत ही स्वादिष्ट पकवान का स्नेह भोजन किया गया।

**- धरणेन्द्र कुमार जैन, नई दिल्ली**

सनातन को मजबूत करने के लिए दिनांक 17–18 मई 2025 को डॉ. मणीन्द्र जैन एवं कल्की पीठाधीश्वर आचार्य श्री प्रमोद कृष्णम भोपाल (म.प्र.) दौरे पर गये। कई मीटिंग्स की जैन मुनि श्री प्रमाण सागर जी, द्वारकाधीश शंक्राचार्य श्री सदानन्द सरस्वती जी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, पूर्व रक्षा मंत्री श्री सुरेश पचौरी जी आदि महान व्यक्तित्वों से विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई । तत्पश्चात् नेहरू नगर स्थित महान संगीतकार पद्मश्री स्व. श्री रविन्द्र जैन जी की अकादमी का अवलोकन किया।

## कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ...











# श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति मुरादाबाद की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी



अर्चना जैन अध्यक्ष



अलका जैन उपाध्यक्ष



एकता जैन महा मंत्री



मृदुला जैन उपमंत्री



शिवी जैन युवा मंत्री



अंजू जैन
धार्मिक सलाहकार



ऋतु जैन
सांस्कृतिक मंत्री



मेघा जैन
सांस्कृतिक मंत्री



ऋतु जैन
सांस्कृतिक मंत्री



शिवानी जैन
सांस्कृतिक मंत्री



प्रिया जैन
मीडिया प्रभारी



सुरभि जैन
मीडिया प्रभारी

अत्यंत हर्ष का विषय है, श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति मुरादाबाद संभाग की सर्व सहमति द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन किया गया। हमें पूर्ण विश्वास है कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी अपने सार्थक प्रयासों के द्वारा महिला महासमिति को प्रगति के उच्चतम शिखर तक ले जाएगी। नवीन कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी को हार्दिक–हार्दिक शुभकामनाएं!


श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा निरंतर किए जा रहे सेवा कार्य की श्रृंखला में पुनः एक जरूरतमंद बच्चे को स्कूल फीस के साथ उसके क्लास का पूरा कोर्स महासमिति द्वारा प्रदान किया गया।

शिखा जैन (प्रांतीय अध्यक्ष), विधि जैन (प्रांतीय उपमंत्री), एकता जैन (प्रांतीय सांस्कृतिक मंत्री) ममता जैन (मंडल अध्यक्ष)।

अपने उसूल कुछ ऐसे तोड़ने पड़े मुझे,
जहाँ मेरी गलती नहीं थी वहाँ भी।
हाथ जोड़ने पड़े मुझे॥



- धरणेन्द्र कुमार जैन 'धीर'



॥ श्री महावीराय नमः ॥

# जैन एकता मंच राष्ट्रीय वीर श्राविका सेवा सम्मान

JAIN EKTA MANCH

## अप्रैल 2025

### श्री महावीर जन्म कल्याणक महा महोत्सव

**सम्मानीत वीर श्राविका श्रीमती ममता जी गंगवाल धार**

जय जिनेन्द्र,

भगवान महावीर स्वामी के 1008 वें जन्म कल्याणक महोत्सव 2025 के पावन अवसर पर जैन एकता मंच–राष्ट्रीय महिला मध्यप्रदेश आपको सामाजिक सेवा के विविध क्षेत्रों में आपके निःस्वार्थ, समर्पित एवं प्रेरणादायी योगदान के लिए **''वीर श्राविका सेवा सम्मान''** से सम्मानित कर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहा है

आपकी सेवा भावना, कर्तव्यनिष्ठा और समाज के प्रति आपके उत्कृष्ट कार्यों की हम हार्दिक अनुमोदना करते हैं। वीर प्रभु से आपके उज्जवल भविष्य, उत्तम आरोग्य और निरंतर सफलता की मंगल कामना करते हैं।

**** मुख्य अतिथि ****

**डॉ.सुधा मल्लैया जी (जैन नारी गौरव)**

Sunita

राष्ट्रीय अध्यक्षा
सुनीता काला जैन (दिल्ली)

Vinita

राष्ट्रीय कार्याध्यक्षा
विनीता जैन (दिल्ली)

Barkha

मध्यप्रदेश अध्यक्षा
बरखा विवेक बड़जात्या (बाकानेर)

मध्यप्रदेश कार्याध्यक्षा
मंजुबाला जैन (देवास)

Krishna Graphics, Barwani

**ज्ञान दान है जीवन की ज्योति, ज्ञान दान ही आत्मा का प्रकाश।**
**अज्ञानता के अंधकार का, ज्ञान ही कर सकता विनाश ॥**

**परागा ह्यूमन फाउंडेशन** एक ऐसा विद्यालय है, जहां पर अति जरूरतमंद बच्चों को ड्रेस, स्टेशनरी, संतुलित भोजन के साथ–साथ निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। हमें बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है, कि **श्री दिगंबर जैन महिला महा समिति मुरादाबाद संभाग** द्वारा इन्हीं 40 होनहार छात्र–छात्राओं को आज स्टेशनरी, कोर्स के साथ–साथ स्कूल बैग भी प्रदान किए गए हमारे एक छोटे से प्रयास से मासूम चेहरों पर मुस्कुराहट खिल उठी।













**SUNILJI PENDHARI JAIN** (president)

**श्री दिगम्बर जैन महासमिति** (महाराष्ट्र प्रान्त)

## CONGRATULATIONS

**श्रीमान सुनीलजी पेंढारी आपकी श्री दिगम्बर जैन महासमिति ( महाराष्ट्र प्रांत) के अध्यक्ष पद पर नवनिर्वाचित होने पर आपको हार्दिक शुभकामनाएं, हम ऐसी आशा रखते है की, आपके कार्यकाल में महासमिति दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करेगी ।**



**MAHENDRA JAIN WADI** (TREASURER)

**श्री दिगम्बर जैन महासमिति** (महाराष्ट्र प्रान्त)

## CONGRATULATIONS

श्रीमान महेंद्र जैन वाड़ी आपकी श्री दिगम्बर जैन महासमिति (महाराष्ट्र प्रान्त) के कोषाध्यक्ष पद पर नवनिर्वाचित होने पर आपको हार्दिक शुभकामनाएं, आप सामाजिक क्षेत्र के अनुभवी कार्यकर्ता है आपके कार्य से महासमिति विकास की ओर अग्रसर होगी ।



**PRASHANTJI MANEKAR JAIN** (Mahamantri)

**श्री दिगम्बर जैन महासमिति** (महाराष्ट्र प्रान्त)

## CONGRATULATIONS

श्रीमान प्रशांतजी मानेकर जैन आपकी श्री दिगम्बर जैन महासमिति ( महाराष्ट्र प्रांत) के महामंत्री पद पर नवनिर्वाचित होने पर आपको हार्दिक शुभकामनाएं, आप सामाजिक क्षेत्र के अनुभवी कुशल संघटक है आपके कार्य से महासमिति विकास की ओर अग्रसर होगी

## संस्कारवान बनाने में माता पिता की अहम भूमिका......मधु पाटनी

## बच्चों में अच्छे संस्कार डालने हेतु मातृ- पितृ चरण वंदन कार्यक्रम का आयोजन

श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर द्वारा दिनांक 14 फरवरी 2025 को प्रात:11.30 बजे हाथी भाटा स्थित संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मातृ पितृ चरण वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय में शिक्षा के साथ संस्कार ग्रहण करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों ने अपने माता पिता एवं अभिभावकों के चरण धोकर तिलक लगाकर माल्यार्पण करते हुए आरती की एवं पैर छूकर आशीर्वाद लिया समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से बहुत से व्यक्ति 14 फरवरी को पाश्चात्य शैली को अपनाकर वेलेंटाइन डे मना रहे है एवं भारतीय संस्कृति को भूलते जा रहे हैं । इसीलिए बच्चों में अच्छे संस्कार डालने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम को श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति पूरे भारतवर्ष में अलग अलग स्थानों पर इस प्रकार के आयोजन कर बच्चों को सुसंस्कारित करने हेतु आगे आई है जिसमें व्यापक सफलता भी मिली है अपने उद्बोधन में मधु पाटनी ने कहा कि बच्चों को संस्कारवान बनाने में माता पिता की अहम भूमिका होती है इससे पूर्व विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटर स्नेहलता शर्मा ने समिति की सदस्याओं एवं विद्यार्थियों के अभिभावकों का शब्दों से स्वागत किया

श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर संभाग के अध्यक्ष अतुल पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर मंत्री सरला लुहाडिया,कोषाध्यक्ष सुषमा पाटनी,मंजु ठोलिया, वरिष्ठ सदस्य नवल छाबड़ा, युवा प्रकोष्ठ मंत्री रेणु पाटनी, अनामिका सुरलाया गोधा गवाडी ईकाई अध्यक्ष शशि बज,मधु बडजात्या, वैशाली नगर ईकाई अध्यक्ष शांता पाटनी, अल्पा जैन, पंचशील इकाई अध्यक्ष प्रीती गदिया,वर्षा बडजात्या, विद्यालय स्टाफ,सम्मानित हुए बच्चों के माता पिता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे ।





## श्री दिगम्बर जैन महासमिति अजमेर संभाग के तत्वावधान में

### जीवदया के अंतर्गत 500 अशक्त गोवंश को चारा एवं गुड़ अर्पण किया

श्री दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन के अवतरण दिवस को पूरे भारतवर्ष में जीवदया की सेवा करके मनाया गया इसी कड़ी में श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर संभाग एवं श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर द्वारा 500 से अधिक गोवंश को 1100 किलो हराचारा एवं गो माताओं का प्रिय व्यंजन गुड का अर्पण किया गया। श्री दिगंबर जैन महासमिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य व संभाग के महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि समिति के दिल्ली स्थित मुख्य कार्यालय के निर्देश पर समिति अध्यक्ष अतुल पाटनी के नेतृत्व में लोहागल स्थित श्री पुष्कर गो आदि पशुशाला की 500 से अधिक गोमाताओं को समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी के आथित्य में गोवंश को हरा चारा एवं गुड अर्पण किया गया। श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी ने सभी सेवा सहयोगियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए बताया कि इस अवसर पर अतुल पाटनी, कमल गंगवाल, राकेश पालीवाल, मनीष पाटनी, विजय पांड्या, अनामिका सुरलाया, इंद्रा कासलीवाल, रेनू पाटनी, सरोज अग्रवाल आदि ने अपने हाथों से गोवंश को सेवा दी।



- तुम पानी जैसे बनो जो अपना रास्ता खुद बनाता है।
  तुम पत्थर जैसे मत बनो, जो दूसरों का रास्ता भी रोक देता है।
- डरने वालों को नहीं मिलता कुछ जिन्दगी में,
  लड़ने वालों के कदमों में जहान होता है।
- अतीत पर शोक मत करो, ना ही भविष्य की चिन्ता करो।
- छोटे फैसले से ही बड़ी सफलता मिलती है।

# हर्ष पूर्ण सूचना...

यूपी.एस.सी. के नतीजे आने के पश्चात, 24 अप्रैल 2025 को **JIO** करोल बाग के केंद्र में, जहां महान **visionary** आचार्य श्री नयपद्म सागर जी एवं साध्वी मैयणा जी के मार्गदर्शन में चल रहे **JIO** सेंटर्स में सफल अभ्यर्थियों के साथ समय बिताने का मौका मिला। उनके साथ मिठाई शेयर कर बहुत ही आत्म संतोष हुआ । मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे **JAIN INTERNATIONAL ORGANIZATION** के द्वारा चलाए जा रहे **Best Library's** एवं कन्दमूल के बिना भोजन से युक्त **Centers (Delhi, Ahmedabad, Rajkot, Indore )** से जैन समाज में उत्थान होगा तथा हम लोग समाज व देश के उत्थान मेंअपनी भूमिका और भी प्रभावी ढंग से निभा पायेंगे। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (संचालक) श्री संजय सकलेचा जी एवं सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई एवं मंगल शुभकामनाएं।

**-डॉ. मणीन्द्र जैन**
Executive Chairman JIO Apex








## अनमोल वचन

मनुष्य के पास सबसे बड़ी पूंजी उसके अच्छे विचार और उत्तम संस्कार होते हैं,
क्योंकि धन और बल किसी को भी गलत मार्ग पर ले जा सकते हैं,
परंतु अच्छे विचार और संस्कार सदैव मनुष्य को सद्कर्मों की ओर ही प्रेरित करते हैं।


श्री दिगम्बर जैन महासमि
राष्ट्रीय अध्यक्ष
डॉ. मणिन्द्रजी जैन
जन्म उत्सव (११ मई) को
जीव दया दिवस

# विशिष्ट शिरोमणि संरक्षक



## डॉ. मणीन्द्र जैन

सुपुत्र–स्व. श्री इन्द्रमणि जैन

G-60 ईस्ट आफ कैलाश
नई दिल्ली–110065
मो. 9810043108

# शिरोमणि संरक्षक



**श्री कमल जैन**

F.504, वर्धमान हाइट्स
रिलाइंस पैट्रोल पंप के सामने
जी.ई. रोड, गंजपारा
पोस्ट दुर्ग
छत्तीसगढ़–491001
मो. 9300683637
9340348338



**श्री सजल जैन**

जय आनन्द परिसर
FLAT No.-201
द्वितीय तल
जैन गली गाँधी चौक
पोस्ट दुर्ग (छत्तीसगढ़)
मो. 9811120344



**श्री अशोक कुमार जैन**

C-305, सूर्या प्लेस
अग्रसेन भवन सिटी
लाइट के सामने
पोस्ट–सूरत
(गुजरात)
मो. 9327912345



**श्री अनिल जैन**

28–29
मान सरोवर कॉलोनी
दिल्ली रोड,
मुरादाबाद (उ.प्र.)
मो. 9837030030

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति एवं महिला महासमिति की केन्द्रीय कार्यकारिणी एवं अंचल पदाधिकारीगण की मीटिंग दिनांक-30.03.2025 के कार्यक्रम की झलकियां














If Undelivered please return to :
70, Kailash Hills New Delhi-110065
Mobile : 9810043108,8826578600
E-mail : sdjmsnational@gmail.com

To,____________________________

____________________________

____________________________